मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --223/2024
25 अगस्त 2024
मोरहाबादी मैदान, रांची
=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन मोरहाबादी मैदान में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव - 2024 में मुख्य अतिथि के रूप में हुए सम्मिलित, दही हाण्डी प्रतियोगिता और लेजर शो का लिया आनंद
======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची की ओर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव - 2024 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदा आला रे.... के जयघोष के बीच दही हाण्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर आधारित लेजर शो का भी आनंद लिया। वहीं, बाल गोपाल तथा बाल राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

ऐसे आयोजनों से हमारी परंपरा- संस्कृति मजबूत होती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व -त्योहारों के अवसर पर आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमों से हमारी पौराणिक परंपरा- संस्कृति मजबूत होती है। ऐसे कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं। सभी मिलकर पूरे हर्ष और उल्लास के साथ त्योहारों का आनंद लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म ग्रन्थों पर निरंतर शोध हो रहे हैं। इन्हें सरल भाषा में लिखा जा रहा है, ताकि लोग आसानी से अपने धर्म ग्रंथो को पढ़कर अपनी पौराणिक गाथाओं से अवगत हो सकें।

मुख्यमंत्री को पेरिस ओलंपिक- 2024 में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी एवं मोमेंटो सप्रेम भेंट

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह ने पेरिस ओलंपिक- 2024 में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी और मोमेंटो सप्रेम भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष श्री जयशंकर पाठक, श्री राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, सुश्री यशस्विनी सहाय, श्री कृष्ण जन्माष्टमी

आयोजन समिति, रांची के संरक्षक डॉ कुमार राजा और डॉ राजेश गुप्ता, अध्यक्ष श्री विनोद गोप एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

===============

#Team PRD(CMO)